दिन– शुक्रवार

दिनांक– 07 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय बजट में बिहार से संबंधित घोषणाओं के प्रति आभार जताने के लिए राज्य के एनडीए सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

02. भारतीय रिजर्व बैंक ने पांच वर्ष बाद रेपो दर में पच्चीस आधार अंकों की कमी की। होम लोन से लेकर कार लोन तक होंगे सस्ते।

03. केंद्र सरकार ने मोकामा–मुंगेर ग्रीनफील्ड रोड के निर्माण को मंजूरी दी। इक्यासी किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण पर लगभग पांच हजार करोड़ रूपये की आयेगी लागत।

04. और, राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी कामेश्वर चौपाल का नई दिल्ली में निधन। प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने जताई गहरी संवेदना।

---

केंद्रीय बजट में बिहार से संबंधित घोषणाओं के प्रति आभार जताने के लिए राज्य के एनडीए सांसदों ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भाजपा, जदयू और लोजपा, आर के सांसदों ने श्री मोदी का अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, राजीव रंजन सिंह और चिराग पासवान भी मौजूद थे। मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार के सांसदों ने राज्य से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।

–––बाइट–––

हम लोग पीएम से धन्यवाद देने के लिए बिहार के सांसद गए। बिहार को उन्होंने जो इस बार का बजट में मध्यम वर्गियों के लिए सब वर्गों के लिए दिया है। बिहार को उन्होंने शुरू से ही कहा था कि यह पूर्वांचल के विकास के बगैर देश का विकास संभव नहीं और गेटवे ऑफ पूर्वांचल है बिहार।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के कारण विकसित बिहार का सपना पूरा हो रहा है।

–––बाइट–––

---

भारतीय रिजर्व बैंक ने लगभग पांच वर्ष बाद नीतिगत रेपो रेट में पच्चीस आधार अंकों की कमी की है और इसे साढ़े छह प्रतिशत से घटाकर सवा छह प्रतिशत कर

दिया है। रेपो रेट वह ब्याज दर है जिस पर भारत में वाणिज्यिक बैंक, रिजर्व बैंक से धन उधार लेते हैं। केन्द्रीय बैंक के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति–एमपीसी की तीन दिन की बैठक के बाद आज मुम्बई में यह घोषणा की। इसके परिणामस्वरूप, स्थाई जमा सुविधा –एसडीएफ की दर छह प्रतिशत और मार्जिनल स्थायी सुविधा–एमएसएफ दर तथा बैंक दर साढ़े छह प्रतिशत रहेगी। रेपो रेट में कमी से होम लोन से लेकर कार लोन तक सस्ते होने की संभावना है।

---

केंद्र सरकार ने मोकामा–मुंगेर ग्रीनफील्ड रोड के निर्माण को मंजूरी दे दी है। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस रोड के मार्ग रेखन के लिए आदेश जारी कर दिया है। यह सड़क इक्यासी किलोमीटर लंबी होगी और इस पर लगभग पांच हजार करोड़ रूपये लागत आएगी।

–––बाइट––––

---

ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक कुमार चौधरी ने कहा है कि चालू वित्तीय वर्ष में राज्य में दो हजार सात सौ चौरानवे बसावटों को सड़क से जोड़ने का काम शुरू किया जाएगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि इसके लिए दो हजार छह सौ पचास किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। इस कार्य के लिए तीन हजार सत्तर करोड़ रूपये की राशि आवंटित की गयी है।

–––बाइट–––

---

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा ने मिथिला की दुर्लभ पांडुलिपियों को संरक्षित करने की सरकार से मांग की है। आज राज्यसभा में श्री झा ने कहा कि ज्ञान भारत मिशन के तहत पांडुलिपियों का संरक्षण होना चाहिए।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में जमुई जिले में लगभग आठ सौ नब्बे करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन

और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। इस दौरान उन्होंने जिले के लिए कई विकास योजनाओं की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अपर किऊल जलाशय योजना का विस्तारीकरण करने और गरही डैम को ईको टूरिज्म की दृष्टि से विकसित करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने गरही से लछुआर जाने वाली सड़क पर किऊल नदी पर पुल के निर्माण की घोषणा की।

---

प्रदेश में जमीन की जमाबंदी में सुधार के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की जाएगी। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को शिविर का आयोजन कर ऐसे मामले निपटाने के आदेश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि पंद्रह मार्च तक ऐसे मामलों को निष्पादित करने का आदेश दिया गया है।

---

और अब खबरें महाकुंभ से......

———म्यूजिक———

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय प्रयागराज में महाकुंभ में आज शाम एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि देश भर के जाने—माने कलाकार संगीत, नृत्य और कला की शानदार प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

———रिपोर्ट———

महाकुंभ मेला न केवल श्रद्धा और आस्था का महापर्व है बल्कि यह भारतीय संस्कृति, संगीत और साहित्य के क्षेत्र में वैश्विक मंच के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। गंगा पंडाल में होने वाले इस आयोजन में श्रद्धालु आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कला दोनों का आनंद उठा सकेंगे। इस कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित कलाकार जैसे ओडिसी नृत्यांगना सोनल मानसिंह और डोना गांगुली के साथ—साथ कविता कृष्णमूर्ति, हरिहरन और सुरेश वाडकर जैसे प्रसिद्ध गायक महाकुंभ की शाम को मनोरंजक बनाएंगे। इसके अलावा विभिन्न भारतीय शास्त्रीय नृत्य और संगीत विधाओं के प्रतिष्ठित कलाकार भी महाकुंभ की शाम को संगीतमय बनाएंगे। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।

त्रिवेणी संगम महाकुंभ में अब तक चालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दस फरवरी को त्रिवेणी संगम में पवित्र अनुष्ठान में भाग लेने की संभावना है।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने प्रयागराज महाकुंभ को भारत की अलौकिक, सार्वभौमिक और समावेशी संस्कृति का प्रतीक बताया है। प्रयागराज में संवाददाताओं से

बातचीत में श्री खां ने कहा कि कुंभ मेले में विविधता के लिए सम्मान के साथ–साथ स्वीकार्यता भी है।

–––बाइट––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी कामेश्वर चौपाल का देर रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

कामेश्वर चौपाल मूल रूप से सुपौल जिले के कमरैल गांव के रहने वाले थे। उन्होंने ही आयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए नींव की पहली ईंट रखी थी। वे बिहार विधान परिषद के सदस्य भी रह चुके थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर दुख जताया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे एक समर्पित राम भक्त थे जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में बहुमूल्य योगदान दिया। श्री मोदी ने कहा कि वे दलित समुदाय से संबंद्ध थे और उन्हें समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए काम करने के वास्ते हमेशा याद किया जाएगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरा दुख जताया है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

इधर, आज कामेश्वर चौपाल का पार्थिव शरीर विधानमंडल परिसर में लाया गया, जहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि कामेश्वर चौपाल का निधन एक अपूरणीय क्षति है।

–––बाइट–––

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरा दुख जताया है।

–––बाइट–––

कामेश्वर चौपाल का पार्थिव शरीर पटना से सुपौल ले जाया जा रहा है। कल उनका अंतिम संस्कार मरौना प्रखंड स्थित कमरैल गांव में होगा।

---

तेज पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के औसत तापमान में कमी आई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। उसके बाद अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान तेरह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

सारण जिले के दिघवारा में आज स्वर्गीय राम जंगल सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइनल मैच दुर्गापुर और चक्रधरपुर के बीच खेला गया। इस मुकाबले में टाई ब्रेकर के जरिए दुर्गापुर ने दो के मुकाबले चार गोल से चक्रधरपुर की टीम को पराजित किया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल कल खेला जाएगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय बजट में बिहार से संबंधित घोषणाओं के प्रति आभार जताने के लिए राज्य के एनडीए सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

02. भारतीय रिजर्व बैंक ने पांच वर्ष बाद रेपो दर में पच्चीस आधार अंकों की कमी की। होम लोन से लेकर कार लोन तक होंगे सस्ते।

03. केंद्र सरकार ने मोकामा–मुंगेर ग्रीनफील्ड रोड के निर्माण को मंजूरी दी। इक्यासी किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण पर लगभग पांच हजार करोड़ रूपये की आयेगी लागत।

04. और, राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी कामेश्वर चौपाल का नई दिल्ली में निधन। प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने जताई गहरी संवेदना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।